रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

स्वामी विवेकानन्द शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रूपनगढ़

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर 305814

E-mail : svspmb.ed@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 30/01/2024

सप्त दिविसीय विशेष शिविर का समापन

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में आज दिनांक 30 जनवरी 2024 को एनएसएस इकाई के द्वारा संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया | जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर बी एल देवेन्दा, अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक व डॉक्टर रेनू वार्ष्णेय रहे | कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं व स्टाफ सदस्यों द्वारा योग मेडिटेशन व रघुपति राघव राजा राम पर सामूहिक कीर्तन किया गया | डॉ बीएल देवेन्दा ने बताया कि कीर्तन की सहायता से मानसिक तनाव को कम किया जा सकता है तथा नकारात्मक विचारों को दूर कर स्वयं में सकारात्मक ऊर्जा संचारित करने का यह एक महत्वपूर्ण साधन है | द्वितीय सत्र में सेल्फ मेकअप प्रतियोगिता एवं हस्त सिलाई का आयोजन किया गया जिसमें ब्यूटीशियन श्रीमती गंगा कुमावत ने व्यक्तिगत स्वच्छता, मेकअप टिप्स, सिलाई टिप्स व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण आदि के बारे में जानकारी प्रदान की तथा बताया कि घर पर ही रहकर अपने अंदर कौशल को विकसित कर किस प्रकार एक महिला आजीविका अर्जित कर सकती है | तृतीय सत्र में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता स्वयंसेविकाओं को पुरस्कार प्रदान किए गए | डॉक्टर कोमल पारीक ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वैच्छिक समुदाय सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व वह चरित्र का विकास होता है | तत्पश्चात बारी-बारी से स्वयंसेविकाओं ने अपने शिविर के सातों दिवस के अनुभव को सभी के साथ साझा किया | अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने शिविर के सातों दिवस का संक्षिप्त ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा शिविर में भाग ले रही सभी स्वयंसेविकाओं का आभार व्यक्त कर शिविर की सफलता की बधाई दी | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्यों का सहयोग रहा |

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

" स्वयं से पहले आप "
राष्ट्रीय सेवा योजना
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़
सात दिवसीय विशेष शिविर
दिनांक:- 24.1.2024 से 30.1.2024 तक
राष्ट्रीय सेवा योजना
Shot on OnePlus
Roopangarh,Ajmer Division 2024.01.30 11:29
By SVMCollege

Mob. 9314618091
Mail ID- info@svmmcollege.com
कानन्द महिला महाविद्यालय
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई
स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय
रुपनगढ़ - अजमेर
स्वयं से पहले आप
राष्ट्रीय सेवा योजना
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रुपनगढ़
सात दिवसीय विशेष शिविर
24.1.2024 से 30.1.2024 तक
Hamara Sankalp
Viksit Bharat
Shot on OnePlus
Roopangarh,Ajmer Division 2024.01.30 11:21
By SVMCollege

स्वय से पहले आप
राष्ट्रीय सेवा
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय,
सात दिवसीय विशेष
दिनांक: 24.1.2024 से 30.1.2024 तक